# साई तेरी दुआ ने मुझे क्या से क्या

साई तेरी दुआ ने मुझे क्या से क्या बना दिया,
कैसा फ़कीर है तू मुझे बादशाह बना दिया,
साई तेरी दुआ.......

तेरी रेहमतो के सदके जीवन स्वर गया है,
दामन मेरा ओ बाबा खुशियों से भर गया है,
मुझे ख़ाक से उठा के आकाश पे बिठा दिया,
कैसा फ़कीर है तू मुझे बादशाह बना दिया,
साई तेरी दुआ.......

तकदीर मेरी बदली शिरडी मुझे भुला के,
श्रद्धा सबुरी वाला अमृत मुझे पीला के,
अपने कर्म का तूने जलवा मुझे दिखा दिया,
कैसा फ़कीर है तू मुझे बादशाह बना दिया,
साई तेरी दुआ.......

मोहन सा मन है तेरा प्रभु राम सी दया है,
भोला है शिव के जैसा अवतार ये नया है,
धुनि में अपनी तूने मेरा सारा कुछ जला दिया,
कैसा फ़कीर है तू मुझे बादशाह बना दिया,
साई तेरी दुआ.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/6840/title/sai-teri-dua-ne-mujhe-kya-se-kya-bna-diyan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |